<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>
<u>02.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे</u>

<u>विधानसभा</u>

प्रदेश विधानसभा के धर्मशाला में चल रहे शीतकालीन सत्र की आज पांचवीं बैठक है। प्रश्नकाल के साथ ही सदन की कार्यवाही शुरू होगी जिसमें करुणामूलक नियुक्तियों, आपदा के बाद सड़कों की स्थिति, आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण, पंप ऑपरेटरों, एचआरटीसी पेंशनरों, धारा 118 जैसे मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगे गए हैं।

*विधानसभा सदन में पिछले चार दिन की कार्यवाही काफी हंगामेदार रही है और विपक्ष कई अहम मुद्दों को लेकर सरकार पर काफी हमलावर रहा है। आज भी सदन में खूब हंगामा देखने को मिल सकता है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आज प्रश्नकाल के बाद नियम 62 के तहत दो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सदन में चर्चा के लिए लाए जाएंगे। इसके अलावा सदन में चार महत्वपूर्ण सरकारी विधेयकों की पुर स्थापना भी होगी। नियम 130 के अंतर्गत भी 27 नवंबर को प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावितों की मुश्किलों और प्रदेश में बढ़ रहे आपराधिक मामलों और नशे के बढ़ते नेटवर्क की स्थिति पर आगे चर्चा शुरू होगी।*

<u>जयराम ठाकुर</u>

पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार की नाकामियों को जनता के बीच लाने के लिए भाजपा 4 दिसम्बर को धर्मशाला में जनआक्रोश रैली का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि रैली में सरकार से उनकी हर गारंटी व जनविरोधी निर्णय का जवाब मांगा जाएगा। जयराम ठाकुर ने ये भी आरोप लगाया कि सरकार कोई न कोई बहाना बनाकर धरना करने पर रोक लगाना चाहती है और रैली स्थलों की अनुमति बदलने के लिए प्रशासन के माध्यम से दबाव बना रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी "व्यवस्था परिवर्तन के तीन साल, बदलो बदलो भ्रष्ट सरकार" के नारे के साथ कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंखने के मिशन की शुरूआत करेगी। जयराम ठाकुर ने महिला कबड्डी विश्व कप की विजेता टीम में हिमाचल की बेटियों को आर्थिक सहायता के साथ नौकरी देने की बात भी कही।

<u>संचार साथी–सरकार</u>

केंद्र सरकार ने मोबाइल हैंडसेट की प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए मोबाइल में संचार साथी ऐप, पहले से इंस्टॉल करने के निर्देश जारी किए हैं। दूरसंचार विभाग ने मोबाइल हैंडसेट निर्माता और आयातकों को निर्देश दिया है कि भारत में उपयोग के लिए निर्मित या आयातित, सभी मोबाइल हैंडसेट में संचार साथी मोबाइल एप्लिकेशन पहले से इंस्टॉल हो। विभाग ने कहा कि पहले से इंस्टॉल संचार साथी एप्लिकेशन अंतिम उपयोगकर्ताओं को पहली बार उपयोग या डिवाइस सेटअप के समय आसानी से दिखना चाहिए और सुलभ होना चाहिए। विभाग ने कहा कि एप्लिकेशन की कार्यक्षमता को प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए। विभाग ने मोबाइल निर्माता और आयातकों को निर्देश दिया कि वे पहले से निर्मित और भारत में बिक्री के लिए मौजूद उपकरणों में सॉफ्टवेयर अपडेट के माध्यम से ऐप को आगे बढ़ाने का प्रयास करें। विभाग ने निर्माताओं को 90 दिनों के भीतर कार्यान्वयन पूरा करने और एक सौ 20 दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

खेल

हिमाचल फुटबाल एसोसिएशन द्वारा सिरमौर ज़िले के नाहन में चार दिनों तक चलने वाली राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता देर शाम शुरू हुई। प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव दीपक शर्मा ने कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश की 12 टीमें हिस्सा ले रही है। उन्होंने कहा कि चार दिसम्बर तक चलने वाली प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन संतोष ट्रॉफी के लिए किया जाएगा।

महिला क्रिकेट

भारतीय रेलवे ने तीन महिला क्रिकेटरों हिमाचल प्रदेश की रेणुका सिंह ठाकुर सहित प्रतिका रावल और स्नेहा राणा को ग्रुप–बी अफसर ग्रेड के विशेष कार्य अधिकारी–ओएसडी के पद पर पदोन्नत किया है। रेल मंत्रालय ने कहा कि इस वर्ष आईसीसी महिला विश्व कप में किए गए प्रदर्शन के लिए उन्हें ये पदोन्नती दी गई है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत साफ मौसम के साथ हुई है। हालांकि पिछले कई दिनों से प्रदेश में लोगों को शुष्क ठंड का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के कई शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है। जनजातीय इलाकों में ठण्ड के बढ़ते प्रकोप से प्राकृतिक जलस्रोतों के जमने से लोगों पेयजल समस्या भी होने लगी है। मैदानी इलाकों में काफी समय से बारिश न होने से रवी सीजन पर संकट गहरा गया है सिंचाई और बारिश पर निर्भर इलाकों में फसल की बिजाई ठप्प पड़ गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने बताया कि 4 दिसम्बर से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने पर कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा व बर्फबारी की संभावना है।